प्रोफेसर बी० पी० सिंह

प्रो० बी० पी० सिंह का जन्म 1936 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया के एक साधारण मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ। उन्होंने अपनी स्नातक तक की शिक्षा गोरखपुर से प्राप्त की। तदोपरान्त अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इलाहाबाद गए। वह अपने विद्यार्थी जीवन काल में एक प्रखर एवं मेधावी छात्र रहें। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की और राजस्थान विश्वविद्यालय से पी०एचडी० की उपाधि प्राप्त किया।
प्रो० सिंह ने शिक्षा तदोपरान्त दीर्घकालीन समाज सेवा के उद्देश्य से जीवन यापन का माध्यम स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षक के रूप में युवराज दत्त कॉलेज, लखीमपुर खीरी, उ०प्र० में जुलाई 1958 से प्रारम्भ किया। एक वर्ष उपरान्त जुलाई 1959 में दिल्ली विश्वविद्यालय से संबंद्ध रामजस कॉलेज में प्रवक्ता के तौर पर शिक्षण का कार्य प्रारम्भ किया तथा 1976 जुलाई में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रख्यात दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स के वाणिज्य विभाग में रीडर (एसोसिएट प्रोफेसर) के पद पर पदासीन हुए।

मई 1982 में डॉ० बी०पी० सिंह ने उदयपुर विश्वविद्यालय, राजस्थान में आचार्य एवं निदेशक एम०बी०ए० प्रोग्राम के पदों पर कार्यरत रहें और इस पदभार को जुलाई 1984 तक निर्वहन किया। इस दौरान वो दिल्ली विश्वविद्यालय से अवकाश पर रहें। 1985 में दिल्ली विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं व्यवसाय संकाय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स में प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हुए और 1995 में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष और वाणिज्य एवं व्यवसाय संकाय के अधिष्ठाता पदों पर कार्यरत रहे। सन् 2001 जुलाई दिल्ली विश्वविद्यालय में 42 वर्षो तक सेवारत् रहने के पश्चात सेवानिवृत्त हुए। अपने विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता के कार्यकाल में उन्होंने दो प्रबंधकीय व्यवसायिक पाठ्क्रमों को क्रियान्वित करने का बीड़ा उठाकर उसे सफलता के मार्ग पर प्रशस्त किया। ये दोनों के दोनों पाठ्यक्रम विशिष्ट प्रबंधकीय क्षेत्र में कम्पनियों द्वारा सराहा गया और अब तक हजारों छात्र प्रबंधकीय रोजगारों से लाभान्वित हुए हैं।

प्रो० सिंह ने प्रबंधन, वाणिज्य एंव अर्थशास्त्र विषयों पर बीस से अधिक पुस्तकें लिखी जो कि इंटरमिडिएट, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों के लिए उपयोगी हैं। इसके अलावा इनके लिखे लगभग तीस से अधिक शोध पत्र शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। शोध संचालक के रूप में उनके कुशल मार्गदर्शन से लगभग तीस विद्यार्थियों ने पी०एचडी० तथा इतने ही विद्यार्थियों ने एम०फिल० और एक विद्यार्थी ने डी०लिट० की उपाधी अर्जित की।

अपने अकाद्मिक जीवनकाल में उन्होंने अनगिनत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के

सेमिनार एवं कॉनफ्रेंस की अध्यक्षता की तथा मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचारों को रखा। साथ–साथ वह देश के विभिन्न सरकारी एवं अर्द्धसरकारी संस्थाओं जैसे यू०पी०एस०सी०, स्टेट पी०एस०सी० आई०सी०एस०एस०आर०, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बोर्ड्स, एकेडेमिक काउन्सिल, और सीनेट से जुड़े रहें।

इन सबके अतरिक्त प्रो० सिंह भारत वर्ष के वाणिज्य संकाय के एक मात्र आचार्य हैं जो कि इंडियन कॉमर्स एसोसिएशऩ (आई०सी०ए०) के एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसीडेन्ट के पद को लगातार 9 वर्षो तक सुशोभित रहे, जिसके उपरान्त आई०सी०ए० ने उन्हें 'डीम्ड प्रसीडेन्ट ऑफ आई०सी०ए०' के सम्मान से नवाजा।

प्रो० बी० पी० सिंह, यू०जी०सी० के निरीक्षण समिति के नवीं, दसवीं तथा ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजनाओं में यू०जी०सी० द्वारा अनुदान समिति के निपुण सदस्य के रूप में कार्य किया।

प्रो० सिंह द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए 43 वर्षो के उल्लेखनीय कार्यो को देखते हुए वर्ष 2002 में आर०बी० इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली और 2013 में ग्लोबल बिजनेस सोल्यूशन द्वारा 'लाइफ टाईम अचिवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

वर्तमान समय में प्रो० सिंह समाज के शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए सोसायटी फॉर ह्यूमन ट्रान्सफॉरमेशन एण्ड रिसर्च के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत् हैं, जिसके अन्तर्गत दिल्ली स्कूल ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज एण्ड रिसर्च जो कि दिल्ली सरकार के गुरू गोविन्द सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से संबंद्ध है तथा प्रबंधन की शिक्षा प्रदान करती हैं।

गरीबों एवं गरीब विद्यार्थियों के सहायतार्थ प्रो० सिंह वस्त्र वितरण, पुस्तक वितरण तथा पर्यावरण के रख रखाव हेतु वृक्ष रोपण में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहें हैं। अध्यात्मिक योगदान के रूप में उन्होंने अपने जन्म स्थान गॉव से लगे हुए मॉं दुर्गा के मंदिर के प्रांगण में अपने पैत्रिक और मातृक गॉवों मे श्रद्धालुओं के लिए विश्राम भवन अनुदानित किया।

प्रो० सिंह आम आदमी पार्टी से 14 नबंम्बर 2013 को बतौर सदस्य जुड़े हैं जिसका रजि० न० 901970 हैं।

इस परिवेश के सन्दर्भ में अपने अपको देवरिया संसदीय क्षेत्र से 2014 लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया के लिए आप के सहयोग की अपेक्षा करता हूँ।

प्रोफेसर बी० पी० सिंह

मो०– 09868870222, 09899655592

E-mail: drbpsingh1978@gmail.com

Website: drbpsingh.com